.वर्ष 14, अंक 58
गैरसैंण
सोमवार
19 जून 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## सुरालगांव में चोरों का आतंक, दाल-भात खाकर ले गए शराब की बोतल

**कोटद्वारः** पर्वतीय क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही। पौड़ी तहसील की पश्मिी मनियारस्यूं पट्टी के सुरालगांव में अज्ञात चोरों ने तीन घरों के ताले तोड़ दिए। बदमाशों के हाथ कुछ नहीं मिला तो उन्होंने एक घर में दाला-भात बनाया और वहां आलमारी में रही शराब की बोतल ले गए। पुलिस व प्रशासन की लाख कोशिशों के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं नहीं थम रही। शनिवार रात जनपद गढ़वाल की पौड़ी तहसील की पश्चिमी मनियारस्यूँ पट्टी के सुरालगांव में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी के इरादे से तीन घरों के ताले तोड़ दिए। हालांकि चोरों को इन घरों में न नकदी, न आभूषण और न ही कोई कीमती सामान मिला। लिहाजा बदमाशों ने ताले तोड़ने में जाया हुई शक्ति के ऐबज में इत्मीनान से दाल–भात बनकार खाया और अंत में घर में रखी एक शराब की बोतल भी अपने साथ ले गए। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें अंदेशा है कि चोरी की घटना को क्षेत्र में कबाड़ का काम करने के लिए मैदान से आने वाले लोगों ने दिया है। यदि चोर लोकल के होते तो घर में दाल-भात नहीं बनाते। ग्रामीणों ने प्रशासन से चोरी की घटनाओं को रोकने की मांग की है। कहा कि पूर्व में भी चोर क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में खौफ बना हुआ है।

### 'मन की बात' से पीएम का कांग्रेस पर निशाना, बोले

# इमरजेंसी के काले दौर को कोई नहीं भूल सकता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। पीएम के कार्यक्रम में तूफान बिपरजॉय का जिक्रकिया। पीएम ने कहा कि कच्छ के लोगों ने जिस हिम्मत से बिपरजॉय का सामना किया, वो तारीफ करने योग्य है।

पीएम ने कहा कि गुजरात के कच्छ के लोगों ने दिखा दिया कि उनकी हिम्मत के आगे कोई नहीं टिक सकता। उन्होंने कहा कि तूफान बिपरजॉय को हराने में भी इन लोगों का हौंसला काम आया। पीएम ने कहा कि कभी दो दशक पहले आए विनाशकारी भूकंप के बाद कच्छ को कभी न उबर पाने वाला कहा जाता था। आज वही जिला देश के सबसे



तेजी से विकास करने वाले जिलों में से एक है। मुझे विश्वास है कि कच्छ के लोग बाइपरजॉय चक्रवात से हुई तबाही से तेजी से उभरेंगे।

पीएम ने आगे कहा कि बड़े से बड़ा लक्ष्य हो, कठिन से कठिन–चुनौती हो, भारत के लोगों का सामूहिक बल, सामूहिक शक्ति, हर चुनौती का हल निकाल देता है।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में इंदिरा सरकार के दौरान देश में लगाई गई इमरजेंसी को भी याद किया। पीएम ने कहा कि कोई भी इमरजेंसी के काले दौर को नहीं भूल सकता है। उन्होंने कहा–

हम 25 जून को नहीं भूल सकते, जिस दिन आपातकाल लगाया गया था। यह भारत के इतिहास का एक काला काल था। लाखों लोगों ने अपनी पूरी ताकत से आपातकाल का विरोध किया। उस दौर में लोकतंत्र के समर्थकों पर इतना अत्याचार किया गया था कि आज भी मन कांप उठता है। आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हैं तो हमें ऐसे अपराधों को भी देखना चाहिए। यह युवा पीढ़ी को लोकतंत्र का अर्थ और महत्व सिखाएगा।पीएम मोदी ने कहा कि बीते वर्षों में भारत ने आपदा प्रबंधन की जो ताकत विकसित की है, वो आज एक उदाहरण बन रही है। प्राकृतिक आपदाओं से मुकाबला करने का एक बड़ा तरीका, प्रकृति का संरक्षण है। पीएम ने कहा कि आज देश 'कैच द रेन' जैसे अभियानों के जरिए सामूहिक प्रयास कर रहा है।

मोदी ने कहा कि इस वर्ष योगा दिवस का थीम वसुधैव कुटुंबकम होगा। पीएम ने कहा कि इसका मतलब 'एक विश्व एक परिवार' के रूप में सबका कल्याण से है। हर बार की तरह इस बार भी देश के कोने–कोने में योग से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी अगले हफ्ते अमेरिका दौरे पर जाने वाले हैं। यही वजह है कि मन की बात कार्यक्रम एक हफ्ता पहले प्रसारित हो रहा है।बता दें कि प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए दुनिया की कई ऐसी शख्सियतों को दिखाया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्र में विशेष योगदान दिया, लेकिन उनके योगदान का देश को पता नहीं चला।

कार्यक्रम के जरिए इन लोगों को सम्मान दिया गया और इतना ही नहीं उनकी प्रेरणा से लोग आगे भी बढ़ रहे हैं।

## 'भारत से 2025 तक टीबी का होगा खात्मा' : पीएम मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने 2025 तक टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) को खत्म करने का लक्ष्य रखा है और जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा। यह बात पीएम मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कही। पीएम ने बताया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (निक्षय मित्र पहल) को लागू किया गया है। पीएम ने कहा– "भारत ने 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। निक्षय मित्र ने टीबी के खिलाफ इस आंदोलन की कमान संभाली है। हजारों लोग ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी के रोगियों को गोद ले रहे हैं। यह भारत की सच्ची ताकत है। युवा भी इसमें योगदान दे रहे हैं।" 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करना।" छत्रपति शिवाजी महाराज को याद करते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता के साथ–साथ उनके शासन और उनके प्रबंधन कौशल से भी बहुत कुछ

## 2024 लोकसभा चुनाव में यूपीए–3 मुमकिन, पीएम मोदी नहीं : सिब्बल


**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में दिखे। रविवार को उन्होंने कहा कि 2024 में यूपीए–तीन सत्ता में वापसी कर सकती है। भाजपा को लोकसभा में टक्कर देने के लिए विपक्षी पार्टियों का उद्देश्य एक होना चाहिए। उनका एजेंडा एक होना चाहिए। विपक्षी दलों को भारत के नये आयामों पर बात करनी चाहिए।

कपिल सिब्बल का बयान महत्वपूर्ण माना जा रहा है। क्योंकि पांच दिन बाद 23 जून को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में विपक्षी दलों की बड़ी बैठक कर रहे हैं। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल सहित बड़े विपक्षी नेता शामिल होंगे। बैठक में सभी विपक्षी दल 2024 में इकट्ठे होकर चुनाव लड़ने के लिए योजना बनाएंगे।

कपिल सिब्बल ने कहा कि कर्नाटक में भले कांग्रेस जीत गई हो, लेकिन भाजपा का वोट शेयर अब भी बरकरार है। इसलिए भाजपा के पास अब भी राज्य में बड़ा समर्थन है। कर्नाटक से सीख मिलती है कि अगर सावधानी बरती जाए तो भाजपा को हराया जा सकता है। विपक्षी नेताओं को बड़े बयान देने से बचना चाहिए। लोकसभा चुनाव अलग आधारों पर लड़ा जाता है।

## अतीक की हत्या का बदला लेने की धमकी देने वाला भेजा गया जेल

**प्रयागराज, एजेंसी।** माफिया अतीक अहमद की हत्या के बाद भी उसके नाम पर होने वाले अपराधों में कमी नहीं आई है। आए दिन ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जिसमें कोई बदले की भावना से अतीक का नाम इस्तेमाल कर रहा है तो कोई अपना दबदबा बनाने के लिए। ऐसा ही एक मामला हाल ही में प्रयागराज में फिर से देखने को मिला, जिसमें एक युवक ने अतीक की हत्या लेने की धमकी पुलिस को दी थी। हालांकि,




पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक, माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या का बदला लेने की धमकी देकर सनसनी फैलाने के आरोपी मो. अनीस को जेल भेज दिया गया है। शनिवार को उसके खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया था। रविवार में आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में नैनी जेल भेज दिया गया।

अनीस ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि उसने एक शख्स को फंसाने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल करके बदला लेने की धमकी दी थी। इसके लिए उसने भदोही से चोरी हुए रंगीला नामक युवक का मोबाइल इस्तेमाल किया था।शुक्रवार रात पुलिस कंट्रोल रूम पर एक शख्स ने कॉल किया और धमकाया कि वह अतीक, अश-रफ की हत्या का बदला लेगा। उसने मुख्यमंत्री के खिलाफ भी अशोभनीय टिप्पणी की थी। पुलिस को कॉल करके धमकी दिए जाने की जानकारी मिलते ही अधिकारियों में खलबली मच गई थी।

धमकी देने वाले की पहचान होने पर शनिवार दोपहर घेरकर पकड़ लिया गया और फिर घंटों पूछताछ की गई थी।

## सीएम धामी ने स्वयं झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून में स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने गांधी पार्क से पं० दीनदयाल उपाध्याय पार्क तक स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 पर्यावरण मित्रों को सम्मानित



किया। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कुल 102 निकायों में स्वच्छता का महा अभियान चल रहा है।



# दुगड्डा नगर पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान



नगर पालिका दुगड्डा की ओर से अभियान चलाकर एकत्रित किया गया कूड़ा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** हाईकोर्ट उत्तराखंड विधिक सेवा प्राधिकरण व जिलाधिकारी के निर्देश पर दुगड्डा नगर पालिका की ओर से क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पालिका ने लोगों से स्वच्छ समाज निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की।

रविवार को सिविल जज जूनियर डिवीजन कोटद्वार भावना पांडेय, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल गुंजियाल व न्यायिक मजिस्ट्रेट ईशांक राजपूत की अध्यक्षता में व्यापार मंडल, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों, स्वयं सहायक समूह, आईटीटाई के छात्र, भूत पूर्व सैनिक व समस्त नगर पालिका के कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाया। साथ ही लोगों को स्वच्छता की भी शपथ दिलवाई गई। अभियान के दौरान नगर पालिकाध्यक्ष भावना चौहान व नगर पालिका अधिशासी अभियंता जेपी जोशी सहित पार्षदों ने लोगों को स्वच्छ भारत निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की। दुगड्डा नगर पालिका की ओर से भी स्वच्छता अभियान चलाकर 150 किग्रा. कूड़ा एकत्रित कर निस्तारण के लिए भेजा गया।

# नाना के घर जा रही नाबालिग से गांव के युवक ने किया दुष्कर्म, बस स्टैंड पर छोड़कर आरोपी फरार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** प्रखंड रिखणीखाल के अंतर्गत नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता अपनी मौसी के घर से नाना के घर लौट रही थी। राजस्व पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। साथ ही मामले को रेगुलर पुलिस के लिए हस्तांतरित करने की भी कार्यवाही शुरू की गई है।

कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र निवासी एक नौ वार्षीय बालिका अपने स्वजनों के साथ प्रखंड रिखणीखाल में अपने नाना के घर गई हुई थी। एक सप्ताह पहले वह नाना के घर से प्रखंड क्षेत्र में ही अपनी मौसी के घर चली गई। शुक्रवार को नाबालिग अपनी मौसी के साथ पाणीसैण बाजार आई व वहां से नाना के घर जाने के लिए कोटद्वार की ओर आने वाली बस में सवार हो गई। बस में नाना के गांव का ही युवक विक्रम सिंह भी बैठा था। बालिका की मौसी सौलखांद बस स्टाप पर उतर गई व बस में सवार विक्रम को अपनी भतीजी को नाना के घर छोड़ने के लिए कह दिया। राजस्व निरीक्षक प्रीतम सिंह ने पीड़िता से मिली जानकारी के आधार पर बताया कि नाना के घर से करीब दो किमी. विक्रम ने उसे बस से उतर छोटे रास्ते से चलने को कहा। बालिका विक्रम की बातों में आकर उसके साथ बस से उतर गई। विक्रम उसे जंगल में ले गया और उससे दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद वह किशोरी को सड़क पर वापस लाया और बस स्टैंड पर छोड़ फरार हो गया। बस दोपहर दो बजे गांव पहुंच गई लेकिन, बालिका शाम पांच बजे तक घर नहीं पहुंची तो स्वजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। पाणीसैण बाजार से नाबालिग का मामा मैक्स वाहन में सवार होकर उसे ढूंढता हुआ गांव की ओर आया, जहां उसे गांव से करीब दो किमी. पहले बस स्टैंड पर बालिका मिल गई। घर पहुंच बालिका ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी स्वजनों को दी। बताया कि स्वजनों की तहरीर पर विक्रम के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है। महिला राजस्व उप निरीक्षक ज्योति मंझेड़ा को किशोरी का मेडिकल परीक्षण के लिए बेस चिकित्सालय में भेजा गया। बताया कि कानूनगो ओमप्रकाश भटगई व राजस्व उपनिरीक्षक यशवंत सिंह के साथ टीम बनाकर उन्होंने आरोपी के घर पर छापा मारा लेकिन, आरोपी फरार था। बताया कि मामला रेगुलर पुलिस को हस्तांतरित करने के लिए उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है।

# प्रेरित व अदिति ने जीता फाइनल मुकाबला



**कोटद्वारः** श्री सिद्धबली स्पोर्ट्स क्लब दुर्गापुरी की ओर से अंडर–16 बालक व बालिका वर्ग के लिए ग्रैंड ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रेरित व अदिति के नाम प्रतियोगिता का फाइलन मुकाबला रहा।

दुर्गापुरी स्थित एक बारातघर में तैयार बैडमिंटन कोर्ट में आयोजित प्रतियोगिता का शुभांरभ पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत ने किया। बालक वर्ग के फाइनल में प्रेरित ममगाईं ने आदित्य को सीधे सेटों में 21–11 21–17 से परास्त कर खिताब अपने नाम किया ' बालिका वर्ग के फाइनल में अदिति ने निशा सिंह को परास्त कर खिताब जीता। डा. विनोद सिलोड़ी व राहुल वर्मा ने निर्णायक और नितिन बिष्ट ने स्कोरर की भूमिका निभाई ' इस दौरान गिरिराज सिंह रावत, प्रेम सिंह रावत, जगमोहन पपनाई, जगमोहन सिंह नेगी, मुकेश भंडारी आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धलुओं के ट्रैक्टर के फेल हुए ब्रेक, बड़ा हादसा टला

**कोटद्वारः** श्री सिद्धबली मंदिर दर्शन को पहुंचे श्रद्धलुओं के ट्रैक्टर के बुद्धा पार्क के समीप ब्रेक फेल हो गए। गनीमत यह रही रही ट्रैक्टर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। दुर्घटना में घायल श्रद्धलुओं को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया गया। घटना रविवार दोपहर की है। उत्तर प्रदेश बिजनौर के ग्राम भगवानपुर से कुछ लोग श्री सिद्धबली दर्शन को पहुंचे थे। वापस लौटने के दौरान जब चालक ने लोगों को ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठाकर उसे स्टाट किया तो अचानक उसके ब्रेक फेल हो गए। ट्रैक्टर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को निजी वाहन व 108 की मदद से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में पहुंचाया। दुर्घटना में ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार सात लोगों को हल्की चोट आई हुई थी। जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# अघोषित विद्युत कटौती पर फूटा गुस्सा, कांग्रेस ने फूंका विस अध्यक्ष का पुतला

**गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में भीषण गर्मी के बीच हो रही विद्युत कटौती पर जताया रोष**



कोटद्वार के झंडाचौक पर विस अध्यक्ष का पुतला दहन करते कांग्रेसी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शहर में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर महानगर कांग्रेस व यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया है। इस बात से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने झंडाचौक पर प्रदर्शन किया और प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष का पुतला दहन किया।

रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल और यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में झंडाचौक पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने अघोषित बिजली कटौती को लेकर प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि उमस भरी गर्मी और अघोषित बिजली कटौती के कारण आम जन का जीना मुश्किल हो रखा है। कहा कि जब पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी कांग्रेस शासन में कोटद्वार का प्रतिनिधित्व करते थे, तब शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भी चौबीसों घंटे बिजली रहती थी, लेकिन आज के हालात एकदम उलट हैं। अघोषित बिजली कटौती के कारण बुजुर्गों और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बिजली से जुड़े उद्योग व पेयजल सप्लाई पर भी इसका असर पड़ रहा है। चेतावनी दी कि बिजली कटौती की समस्या का शीघ्र समाधान होने पर जन सहयोग से आंदोलन किया जायेगा। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन में प्रवीण रावत, बृजपाल सिंह, महावीर सिंह, बाबी बिष्ट, सुनील सेमवाल, विजय माहेश्वरी, रजनीश उप्पल, सुधा असवाल, मनीष चातुरी और विजय नारायण सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नाटक की प्रस्तुति ने मोहा मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी। नवांकुर नाटय समूह की ओर से डीएवी इंटर कालेज में आयोजित नाटय कार्यशाला में तैयार किए गए जश्न ए बचपन नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से पाठयक्रम को लेकर असमंजस की स्थिति पर चिंता जताई गई। रविवार को डीएवी इंटर कालेज में आयोजित जश्न ए बचपन नाटक के माध्यम से कलाकारों ने डार्विन के विकासवाद को पाठयक्रम से हटाने के बजाए मिथकों को बढ़ावा देने से बालमनोविज्ञान को नुकसान पहुंचाने का जिक्र किया गया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि एक स्कूल में बच्चों को डार्विन के विकासवाद को विज्ञान प्रोत्साहित करता है। नाटक में दीपिका, अंशिका, कैफ सिद्दिकी, समर्थ, श्रवण, विनीत, नैंसी, जैद, प्रदीप, वंश, रोहित ने शानदार अभिनय किया। नाटक का निर्देशन शंकर राणा ने किया।

# स्वस्थ व स्वच्छ समाज निर्माण के लिए चलाया सफाई अभियान

## नगर निगम व कोटद्वार बार एसोसिएशन के साथ ही अन्य संगठनों ने चलाया अभियान



न्यायालय परिसर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व अन्य



शहर में स्वच्छता अभियान चलाते निगम कर्मी



कोटद्वार रेलवे स्टेशन में स्वच्छता अभियान चलाते संत निरंकारी सेवा मण्डल के सदस्य व अन्य।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम कोटद्वार, कोटद्वार बार एसोसिएशन के साथ ही अन्य संगठनों ने शहर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। कहा कि स्वच्छ व स्वस्थ समाज निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति पर आगे आना चाहिए।

उच्च न्यायालय नैनीताल व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तराखण्ड के तत्वावधान में जनमानस को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य सें रविवार को सफाई अभियान चलाया गया। इसी क्रम में क्षेत्र की एनएसएस आच्छादित शिक्षण संस्थाओं के कार्यक्रम अधिकारियों व स्वयंसेवकों के साथ ही संत निरंकारी सेवा मण्डल के सेवकों ने रेलवे प्लेटफार्म पर स्वच्छता अभियान चलाकर लगभग दो कुंतल प्लास्टिक कचरा एकत्रित करके निस्तारण हेतु उसे नगर निगम के सुपुर्द किया। नगर निगम की ओर से शहर में सफाई अभियान चलाया गया। वहीं, बार एसोसिएशन की ओर से कोर्ट परिसर व उसके आसपास के स्थानों में सफाई कर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनीता गुंज्याल, न्यायिक मजिस्ट्रेट ईशांक राजपूत, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय पंत सहित अन्य अधिवक्ताओं ने प्रतिभाग किया।

# ग्रामीणों ने चलाया स्वच्छता अभियान, दिया संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** जनपद के विकासखंड कल्जीखाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत डांगी में प्लास्टिक मुक्त स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीणों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। ग्रामीणों ने लगभग 10 किलो प्लास्टिक एकत्रित कर उसे निस्तारित करने को भेजा।

ग्राम पंचायत डांगी के प्रधान भगवान सिंह चौहान की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने गांव के आम संपर्क रास्तों पंचायत भवन,कुल देवी प्राकृतिक जल स्त्रोत के आस पास वृहद सफाई अभियान चलाया। ग्रामीणों ने कहा कि वह समय–समय पर समस्त ग्राम वासियों की सहभागिता से स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया जाता हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए बरसात में पेड़ लगाए जाते है। जिससे गांव के साथ–साथ पर्यावरण भी स्वच्छ बना रहे। वहीं ग्राम प्रधान ने समस्त लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने–अपने गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल भी ना करें। उन्होंने कहा कि कहीं रास्तों या गांव में प्लास्टिक का कूड़ा बिखरा हुआ मिलता है तो उसमें अपनी भागीदारी निभाते हुए उस प्लास्टिक के कचरे को एकत्रित कर निस्तारित करने को भेजें। उन्होंने कहा कि अपने गांव को एक स्वच्छ गांव बनाने व उसे एक अलग पहचान दिलाने के लिए ग्रामीणों के साथ समय समय पर सफाई अभियान चलाते रहें। समाजिक कार्यकर्ता एवं पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में ग्रामीणों के साथ स्वच्छता अभियान में श्रमदान के तहत प्लास्टिक मुक्त भारत एवं स्वच्छ भारत अभियान चलाकर कर ग्रामीणों जागरूक करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक सबसे खतरनाक होता है यह मिट्टी की गुणवत्ता को खराब, पानी को दूषित करता है। उन्होंने कहा कि हर प्रकार के प्लास्टिक में रंग, कैमिकल अन्य होते हैं, जो मनुष्य व पर्यावरण के लिए सबसे घातक होता है। उन्होंने सभी आमजनमानस से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की है। इस दौरान सफाई अभियान में समस्त ग्रामवासियों ने अपनी भागीदारी निभाते हुए आगे भी इसी तरह सफाई अभियान चलाने की शपथ भी ली।

# निवेशकों ने सरकार से उठाई रकम वापस दिलवाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पीएसीएल ठगी पीड़ित निवेशकों ने सरकार से उनकी जमा राशि को वापस दिलवाए जाने की मांग की है। कहा कि पूर्व में कई बार मांग उठाने के बाद भी समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

पीड़ित जमाकर्ता परिवार के प्रदेश संयोजक सुखदेव शास्त्री ने कहा कि सरकार को ठगी पीड़ति नागरिकों के भुगतान की गारंटी देने वाले अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 का अनुपालन सुनिश्चित कराकर उनकी रकम को वापस दिलाना चाहिए।

कहा कि केंद्र व राज्यों की ओर से उक्त अधिनियम की अनुपालना हेतु प्रत्येक जिले में सक्षम अधिकारी, सहायक सक्षम अधिकारी, फास्ट ट्रैक कोर्ट, विशेष अभियोजन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पीड़ितों को उनका जमाधन वापस दिलाने हेतु नियुक्त किया है, लेकिन उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के कुछ जिलों के अलावा किसी भी राज्य में इसका पालन नहीं किया जा रहा है और न ही ठगी पीड़ितों के भुगतान के दावे स्वीकार किए जा रहे हैं, जो शासनादेशों का उल्लंघन है। कहा कि इस संबध में ठगी पीड़ितों की ओर से मिशन भुगतान भारत यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसका समापन 2 अक्टूबर 2023 को रामलीला मैदान नई दिल्ली में सत्याग्रह सम्मेलन के रूप में किया जायेगा।

पत्रकार वार्ता में गजे सिंह रावत, अनामिका रावत, लक्ष्मी बिष्ट, रीना आर्य और कल्पना रावत आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को सिखाई फिल्म शूट की बारिकियां

**पौड़ीः** आस्कर अवार्ड से सम्मानित एलिफैंट विस्परर्स डाक्यूमेंट्री फिल्म को पौड़ी बाल फिल्म महोत्सव स्कूली छात्रों को दिखाया गया। इस दौरान डॉक्यूमेंट्री फिल्म के सिनेमैटोग्राफर करन थपलियाल ने स्कूली बच्चों के साथ फिल्म शूट के अपने अनुभव साझा किए। साथ ही उन्होंने बच्चों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। रविवार को बाल फिल्म महोत्सव का डीएम डॉ. आशीष चौहान ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों नया सीखने को मिलेगा। एलिफैंट विस्परर्स डॉक्यूमेंटी फिल्म को पर्दे पर दिखाया गया। स्कूली छात्रों ने डॉक्यमेंट्री फिल्म को खूब सराहा। इस दौरान मूल रूप से पौड़ी जिले नौगांव के रहने वाले सिनेमैटोग्राफर करन थपलियाल बच्चों के साथ डॉक्यूमेंटी फिल्म के बारे में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण के दौरान उन्हें एक नया अनुभव मिला। साथ ही उन्होंने कहा कि फिल्म के जरिए हमे संदेश मिलता है कि मनुष्य प्रकृति औ वन्यजीवों के साथ रह सकते हैं। वहीं शिक्षक आशीष नेगी ने बताया कि सोमवार का पांडवास की फिल्म यकुलांस बच्चों को दिखाई जाएगी। इस मौके पर प्रदीप रावत, कृपाल सिंह, श्वेता, पूजा, वैभव, प्रियंका आदि शामिल हैं।

# पौड़ी में चलाया गया स्वच्छता अभियान, दिया संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** जिले में रविवार को विभिन्न स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। रविवार को आयोजित सफाई अभियान के तहत घुडदौड़ी इंजीनियरिंग कालेज, जिला न्यायालय परिसर से टेका रोड, अपर चोपड़ा स्थित योगा पाइंट से बस स्टेशन, कांजी हाउस से बस स्टेशन, श्रीनगर रोड स्थित सतपाल महाराज धर्मशाला से छतरीधार तक 4 टीमों ने सफाई अभियान चलाया।

सफाई अभियान के बाद आयुक्त सभागार में जिला न्यायालय पौड़ी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला जज आशीष नैथानी ने कहा सभी ने स्वच्छता अभियान में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया है। स्वच्छता अभियान केवल एक दिन नहीं चलना चाहिए हमें अपने घर से इसकी शुरुआत करनी होगी। कहा कि सभी को प्रण लेना होगा कि पॉलीथिन का उपयोग नही करेंगे। श्रमदान एवं सफाई अभियान के तहत 3.5 टन प्लास्टिक का कचरा साफ किया गया। कार्यक्रम में 10 पर्यावरण मित्रों व पूर्व में स्कूलों में हुई चित्रकला व स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में परम सांस्कृतिक दल ने स्वच्छता जन जागरूकता पर शानदार नाटक की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अकरम अली, एडीजे पारिवारिक न्यायालय भारत भूषण पांडे, डीएम डा.आशीष चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, अध्यक्ष बार संघ पौड़ी मेहरबान सिंह भंडारी, ईओ नगर पालिका गौरव भसीन आदि शामिल रहे।

# न्यायिक अधिकारियों ने चलाया स्वच्छता अभियान



नई टिहरी। जनपद में रविवार का दिन श्रमदान कर स्वच्छता अभियान के नाम रहा। सुबह से ही न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों सहित पालिकाओं व ब्लाकों में वृहत स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक कूड़ा एकत्र कर निस्तारण के लिए दिया गया। स्वच्छता अभियान शुरूआत से पूर्व जिला योगेश कुमार गुप्ता ने 9 कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों को ब्लाकों के लिए रवाना कर हरी झंडी दिखाई। जबकि सीडीओ मनीष कुमार ने विकास भवन में तमाम कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता को लेकर आयोजित चित्रकला व स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं व सफाई के प्रति सहयोग देने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का भी काम किया गया। जनपद में डीएम डा सौरभ गहरवार के निर्देशन में जनपद में निरंतर बीती 12 जून से स्वच्छता सप्ताह के तरह स्वच्छता अभियान जारी था। स्वच्छता अभियान का समापन उच्च न्यायलय के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में रविवार को वृहत स्वच्छता अभियान चलाकर किया गया। अभियान को लेकर जिला जज योगेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पूरी तरह से बंद किया जाय। कूड़े का प्रोपर निस्तारण पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है। इसके लिए कूड़े को यहां–वहां फेंकने के बजाय गीले व सूखे कूड़े को पृथक्कीकरण कूड़ा वाहनों में ही डालें। ताकि कूड़े को प्रोपर निस्तारण हो सके। पर्यावरण संरक्षण के लिए पालीथीन के प्रयोग से बचने की अपील भी जिला जज ने की। जिला जज के नेतृत्व में रविवार को सफाई अभियान की शुरूआत बौराड़ी स्टेडियम से की गई। जिसमें राष्ट्रग्रान के बाद स्वच्छता शपथ और जनजागरूकता रैली भी आयोजित की गई। इस दौरान पहली टीम ने बोराड़ी स्टेडियम से सतेश्वर मंदिर–ढूंगीधार–पैट्रोल पम्प से होते हुए गुरूद्वारा मंदिर–गणेश चौक–बोराड़ी बस अड्डे तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। दूसरी टीम ने बोराड़ी स्टेडियम से सैन्ट एन्थौनी स्कूल मोलधार होते हुए कृष्णा चौक–दुर्गा मंदिर–जिला अस्पताल–सांई चौक–बोराड़ी बस अड्डा तक स्वच्छता अभियान चलाया। सीडीओ मनीष कुमार ने स्वच्छता अभियान के बैठक कर स्वच्छता अभियान को निरंतर बनाये रखने की अपील कर कहा प्लास्टिक उन्मूलन के लिए निरंतर इस तरह का प्रयास जारी रहे। स्वच्छता अभियान में नगर पालिकाध्यक्ष सीमा कृषाली, बार एसोसियेशन अध्यक्ष जयप्रकाश पाण्डेय, न्यायाधीश कुटुम्ब प्रदीप मणी, डीडीओ सुनील कुमार, सीजेएम, विनोद कुमार वर्मन, सिविल जज सिनियर डिवीजन अविनाश कुमार श्रीवास्तव, अपर सिविल जज आफिया मातिन, न्यायिक मजिस्ट्रेट निशा देवी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक कुमार त्रिपाठी, अभियोजन अधिकारी श्याम सिंह, महेन्द्र बिष्ट, डीईओ बेसिक वीके ढौंडियाल, ईओ पालिका एमएल शाह आदि शामिल रहे।



## श्रद्धालु का खोया हुआ कीमती मोबाइल फोन ढूंढकर वापस दिलवाया गया

रुद्रप्रयाग। कोलकाता, पश्चिम बंगाल से आए हुए श्रद्धालु चंडी दास बनर्जी द्वारा चौकी केदारनाथ में आकर शिकायत दर्ज कराई कि उनका एक ओप्पो कंपनी का 18000 कीमत का मोबाइल कहीं रास्ते में गिर गया है, जो कि उनके अपने स्तर से काफी प्रयास करने पर भी नहीं मिल पा रहा है। इनकी समस्या का समाधान करने हेतु आरक्षी राजेश कुमार और आरक्षी मोहन सिंह बोहरा ने श्रद्धालु से आवश्यक विवरण प्राप्तकर सर्विलांस सैल, पुलिस कार्यालय रुद्रप्रयाग में नियुक्त आरक्षी राकेश सिंह रावत को बताया। फोन के लोकेशन के आधार पर केदारनाथ में नियुक्त इन दोनों आरक्षियों ने फोन से सम्बन्धित सम्भावित स्थान पर पहुंचकर फोन का पता लगाकर फोन को सकुशल बरामद कर श्रद्धालु के सुपुर्द किया गया। श्रद्धालु ने जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस की त्वरित कार्यवाही का आभार प्रकट कर अपने गन्तव्य के लिए प्रस्थान किया गया। जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस का ऑपरेशन मुस्कान और रुद्रप्रयाग पुलिस की स्पेशल टीम केदारनाथ धाम आये श्रद्धालुओं के चेहरों पर मुस्कुराहट ला रही है।

# प्रमुख ने हरमल  गाँव को दिया जनरेटर दान



चमोली। प्रमुख संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवाल प्रमुख डॉ दर्शन दानू ने ग्राम पंचायत हरमल की विद्युत की समस्या को देखते हुए यहां चल रही रामलीला में अपने 7 माह के मानदेय से एक जनरेटर खरीद कर गांव वालों को दान दिया जिस पर गांव वालों ने प्रमुख का धन्यवाद किया इस बाबत प्रमुख ने बताया ग्रामीणों की बड़ी समस्या विद्युत की है जो हल्की बारिश या हवा चलते कई दिनों के लिए बाधित हो जाती है जिसके चलते उन्होंने अपने सात माह के मानदेय से ग्रामीणों को एक जनरेटर खरीद कर दिया है उन्होंने बताया हरमल में 95 परिवार निवास करते हैं कभी कोई कार्य होता है तो ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिस कारण अब उन्हें अंधेरे में नहीं रहना पड़ेगा ग्राम प्रधान कलावती गड़िया, पूर्व प्रधान पार सिंह रावल,भवान राम, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश गड़िया, अध्यक्ष सहकारी समिति नालंधूरा राजेंद्र राम, बलवंत दानू, खड़क सिंह रावल,हीरा सिंह गड़िया, सुरेंद्र रावल,नंदन सिंह, खिलाफ गड़िया, चंद्र सिंह गड़िया,मोहन सिंह गड़िया ने प्रमुख का आभार जताया।

## देवप्रयाग के बुडकोट में बुजुर्गों का सम्मान किया

नई टिहरी। देवप्रयाग तहसील बुडकोट गांव में नागराजा मंदिर में दो दिवसीय पूजा अर्चना कार्यक्रम समापन के मौके पर समाजसेवी ओपी बडोनी ने गांव के बुजुर्ग महिला और पुरुषों के चरण धो कर उन्हें अंग वस्त भेंट किया। समाज सेवी ओपी बडोनी ने कहा कि रोजगार की तलाश के चलते युवा गांवों से पलायन कर चुके हैं,जिसके कारण अधिकांश घरों में ताले लटके हैं, कुछ घरों में केवल बुजुर्ग लोगों रह गये हैं। कहा कि यह पहाड़ के लोगों के लिये बड़ी बिडंबना है,जब बुजुर्गों को अपनों के सहारे की जरूरत होती है, तब उनके अपने उनके पास नहीं हैं। जिसके कारण पहाड़ के अधिकांश गांवों में बुजुर्ग लोग विपरित परस्थितियों में अकेले में अपना जीवन यापन करने को मजबूर है।

# कंडीसौड़ में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया



नई टिहरी। स्वच्छता सप्ताह के तहत थौलधार ब्लॉक मुख्यालय कंडीसौड़ में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों ने मिलकर साफ–सफाई करते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

कार्यक्रम के तहत ब्लॉक की 93 ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों ने सफाई करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रविवार को ब्लॉक–तहसील प्रशासन, थाना पुलिस, वन विभाग, शिक्षा, उद्यान, कृषि, बाल विकास सहित कई विभागों की ओर से कंडीसौड़ बाजार में अभियान चलाकर सफाई की।

बीडीओ डीपी थपलियाल व तहसीलदार किशन महंत ने लोगों को जागरुक करते हुए दुकानदारों व स्थानीय लोगों से सिंगल यूज प्लॉस्टिक प्रयोग न करने तथा तीर्थ यात्रा पर आए यात्रियों ने प्लॉस्टिक कूड़ा इधर–उधर न फेंकने की अपील की। इसके उपरांत बीडीओ के नेतृत्व में अधिकारी–कर्मचारियों ने ब्लॉक व तहसील परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए प्लॉस्टिक कूड़ा एकत्र करने के साथ ही परिसर में उगी झाड़ियों का कटान किया। इस मौके पर एबीडीओ बीएस चौहान, एडीए प्रताप सिंह चौहान, वीपीडीओ सतीश कुमार, एसएचओ प्रदीप पंत, मनोज कुमार, साधना थपलियाल, रोशनी देवी, अमित सेमवाल, रमन रावत, राजेश शाह आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता सप्ताह के तहत चमोली में वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया




चमोली। स्वच्छता सप्ताह के तहत रविवार को पूरे जनपद चमोली में श्रमदान कर वृहद स्तर पर विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं माननीय जनपद न्यायाधीश श्री धनंजय चर्तुवेदी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय गोपेश्वर में जिला स्तरीय अधिकारियों, विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यों, अधिवक्ताओं, स्वयं सहायता समूहों, एनसीसी, एनएसएस के छात्र छात्राओं, शिक्षकों, पर्यावरण मित्रों, समाज सेवी संस्थाओं एवं जन प्रतिनिधियों ने नगर क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता रैली के साथ श्रमदान कर वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नुक्कड नाटकों के माध्यम से लोगों का स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। स्वच्छता कार्यक्रम के तहत अपर नेग्वाड, मंडल वाई पास एवं नगर पालिका के विभिन्न क्षेत्रों में श्रमदान कर वृहद साफ सफाई करने के बाद पौधारोपण भी किया गए। जिला पंचायत सभागार में स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम समापन हुआ। गोपेश्वर जिला न्यायालय परिसर में माननीय जनपद न्यायाधीश श्री धनंजय चतुर्वेदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी को सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। साथ ही स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम में सक्रिय रूप से प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं, गणमान्य नागरिकों, पर्यावरण मित्रों एवं स्वयं सहायता समूहों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## जागरूकता रैली निकाली

नई टिहरी। टिहरी रेंज के चंद्रबदनी अनुभाग में अंजनीसैंण बाजार में वन विभाग ने स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें आम लोगों को प्लास्टिक उन्मूलन व सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर जागरूक करते हुए इनके उन्मूलन के लिए तत्पर रहने को प्रेरित करते हुए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

अभियान के दौरान लोगों ने स्वैच्छित श्रमदान कर प्लास्टक कूड़ा एकत्र कर निस्तारण के लिए दिया। इस दौरान अनुभाग अधिकारी चंद्रबदनी रणवीर सिंह रावत, वन बीट अधिकारी पंकज सेमवाल आदि मौजूद रहे।

## सामान्य प्रतियोगिता में आंचल ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः सिरों में वार्षिक पूजा अनुष्ठान के दौरान गढ़वाल के प्रसिद्ध उद्यमी स्व. अमर सिंह रावत के नाम से आयोजित स्व.अमर सिंह रावत स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के संयोजक लेखक, विचारक और समाजसेवी डा. पंचम सिंह रावत ने बताया कि स्व.अमर सिंह प्रसिद्ध उद्यमी होने के साथ साथ उत्तराखंड हिमालय क्षेत्र के सबसे बड़े हितैषी व पैरोकार थे।वे स्थानीय संसाधनों से युवाओं को जोड़कर उन्हें मातृभूमि की सेवा करने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहे। इसीलिए इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर स्थानीय प्रतिभाओं को निखारना और प्रेरणा देना है। डा. पंचम सिंह रावत ने कहा कि उनका गांव सिरों अमर सिंह जी का भी पैतृक गांव है। इस गांव में प्रतिवर्ष जून माह में आयोजित होने वाली मां काली की वार्षिक पूजा में गांव के अनेक प्रवासी ग्रामवासी भी सम्मिलित होते हैं। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन इसीलिए प्रासंगिक भी है । इस वर्ष आयोजित इस परीक्षा में सीनियर वर्ग में कु. आंचल, विनीत प्रकाश, दीया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जूनियर वर्ग में अभिषेक व धैर्य खुगाशाल को क्रमश प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

# अमर्यादित आचरण कर रहे 6 युवकों को रुद्रप्रयाग पुलिस ने पढ़ाया मर्यादा का पाठ



रुद्रप्रयाग।प्रचलित केदारनाथ धाम यात्रा में निरन्तर अत्यधिक संख्या में श्रद्वालुओं का आगमन हो रहा है। अब तक के ऑकडों के अनुसार कुल 973971 श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। इनमे से अधिकांश श्रद्धालु तो भक्ति एवं श्रद्धा के भाव से यहां पहुंच रहे हैं, परन्तु कुछ हुड़दंग मचाने के उद्देश्य से भी यहॉं पहुंच रहे हैं। ऐसे हुड़दंगियों से निपटने के लिए रुद्रप्रयाग पुलिस तैयार है। ऐसे ही हुड़दंगी किस्म के 06 युवक सोनप्रयाग के निकट बह रही सोन नदी के बीच में जाकर अर्द्ध नग्न अवस्था में बैठकर बीयर व शराब का सेवन कर रहे थे, और खूब हो हल्ला मचा रहे थे। कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस ने वहॉं पर पहुंचकर इनको इनकी मर्यादा सिखाते हुए चालानी कार्यवाही कर भारी भरकम जुर्माना वसूला गया, इनके द्वारा अपने कृत्य के लिए माफी भी मांगी गयी, परन्तु इनकी इस प्रकार की हरकतें शायद माफी लायक भी नहीं थी। इनके द्वारा बताया गया कि ये केदारनाथ धाम दर्शन करने के बाद वापस आने के बाद यह गलती कर बैठे। इनको तुरन्त सोनप्रयाग क्षेत्र से वापस भेजा गया।

## हल्दूचौड़–लालकुआं में पांच घंटे चला अभियान

नैनीताल। लालकुआं में विशेष स्वच्छता सप्ताह के अंतिम दिन प्रशासन, भारत तिब्बत सीमा पुलिस और कोतवाली पुलिस, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं औद्योगिक संस्थानों की ओर से सफाई अभियान चलाया गया।

सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक सफाई की गई। यहां साप्ताहिक हाट बाजार, ट्रांसपोर्ट नगर, सेंचुरी पेपर मिल के मुख्य द्वार एवं हल्दूचौड़ स्थित गन्ना सेंटर प्रांगण में आयोजित विशेष स्वच्छता सप्ताह को लेकर हल्दूचौड़ और लालकुआं नगर एवं यहां से लगी विभिन्न कॉलोनी में वृहद स्वच्छता अभियान 4 सेक्टरों में चलाया गया।

# श्री केदारनाथ धाम से लेकर संपूर्ण जनपद रुद्रप्रयाग में विशेष स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया गया




रुद्रप्रयाग। उच्च न्यायालय नैनीताल उत्तराखंड एवं शासन के निर्देशों के अनुपालन में आज श्री केदारनाथ धाम से लेकर संपूर्ण जनपद रुद्रप्रयाग में विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वच्छता जागरूकता अभियान का शुभारंभ जिला न्यायाधीश श्रीकांत पांडेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवि रंजन, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे जिला जजशिप परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जजशिप परिसर से लेकर कोटेश्वर मंदिर तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। मुख्य कार्यक्रम जीएमवीएन रुद्रा प्वाइंट से स्वच्छता जागरूकता रैली को जिला न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता जागरूकता रैली को रवाना किया। स्वच्छता जागरूकता रैली मे स्कूली छात्र–छात्राओं, राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई, जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा स्थानीय जनता द्वारा स्वच्छता रैली में भाग लिया गया। मुख्य चैराहा रुद्रप्रयाग में मा. न्यायाधीश ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा प्लास्टिक का उपयोग न करने के संबंध में अनूप नेगी पब्लिक मैमोरियल स्कूल के छात्र–छात्राओं ने नुक्कड नाटक के माध्यम से उपस्थित जनमानस को जागरूक किया। स्वच्छता अभियान जीएमवीएन से शुरू होकर संगम घाट पर समापन किया गया जिसमें सड़क किनारे एवं आसपास के क्षेत्र में पड़े प्लास्टिक कूडे एवं कचरे को एकत्रित किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश श्रीकांत पांडेय ने कहा कि उच्च न्यायालय उत्तराखंड के तत्वाधान में 12 जून से 18 जून, 2023 तक विशेष स्वच्छता सप्ताह आयोजन किया गया तथा आज अंतिम दिन पूरे जनपद में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें न्यायालय सहित जिला प्रशासन, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिससे कि जनपद वासियों को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए अपने घर, आंगन के साथ–साथ अपने आसपास के क्षेत्र को साफ–सुथरा रखने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता देश के विकास के लिए आवश्यक तत्व है। मा. उच्च न्यायालय उत्तराखंड के आह्वान पर पूरे उत्तराखंड के कोने–कोने में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा इसमें बढ चढकर इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित की गई।जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा की उच्च न्यायालय एंव शासन के निर्देशों के अनुपालन में आज संपूर्ण जनपद रूद्रप्रयाग में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया रूद्रप्रयाग शहर चारधाम यात्रा का मुख्य पडाव है इसके लिए स्वच्छता बनाये रखने निरन्तर सफाई अभियान चलाया जा रहा है तथा लोगों को भी स्वच्छता बनाये रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान में छात्र–छात्रओं सहित स्थानीय व्यापारियों, जन प्रतिनिधियों एवं आम जनता ने इस अभियान में बढ चढकर भाग लिया गया जिसमे आम लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के लिए अपने आसपास के क्षेत्र को साफ–सुथरा व स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रूद्रप्रयाग एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से जनपद स्थित इंटर कॉलेज और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में ड्राइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का अयोजन किया गया जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे राइका रामाश्रम के कक्षा 12वीं के छात्र आशुतोष, द्वितीय स्थान पर रहे शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज मालतोली के कक्षा 12वीं के छात्र हनुमंत सिंह द्वितीय स्थान तथा राजकीय इंटर कालेज रामाश्रम की कक्षा 9 की छात्रा अदिति सकलानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा स्लोगन प्रतियोगिता में शहीद भगत सिंह राजकीय इंटर कॉलेज की कक्षा 12वीं की छात्रा वर्षा ने पहला स्थान तथा कक्षा 10 की ऋतु एवं कक्षा 12वीं के छात्र हनुमंत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

# नगर पंचायत थराली में स्वच्छता सप्ताह के तहत रैली निकालकर साफ सफाई अभियान चलाया



चमोली। उत्तराखंड उच्च न्यायालय की पहल व राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर पंचायत थराली में स्वच्छता सप्ताह के तहत रैली निकालकर साफ सफाई अभियान चलाया। रविवार को शासन के निर्देश पर उप जिला अधिकारी रविंद्र ज्वाठा के निर्देशन पर नगर पंचायत थराली में व्यापार संघ थराली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली, लोक निर्माण विभाग थाना थराली व वन विभाग,के संयुक्त अभियान के तहत नगर पंचायत थराली में रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश देकर जागरूकता रैली निकाली रेली न्यायालय परिसर से स्टेट बैंक थराली तक पहुँची उसके बाद विभिन्न स्थानों मे साफ सफाई अभियान चलाया गया अभियान में सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान व मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारियां दी गई इस अभियान नगर पंचायत अध्यक्ष दीपा भारती, व्यापार संघ के संदीप रावत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ नवनीत चौधरी ,चीफ फार्मासिस्ट मोहन राम आर्य, संतोष देवराडी, थाना अध्यक्ष थराली देवेंद्र सिंह रावत,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गंगा सिंह बिष्ट सहित वन विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी आशा, आंगनबाड़ी बहनों सहित नगर पंचायत थराली के कर्मचारी पर्यावरण, मित्र पुलिस के जवान मौजूद रहे

# न्यायाधीशों के नेतृत्व में निकली रैली, सफाई को एकजुट हुए लोग



नैनीताल। सफाई अभियान का नेतृत्व उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीशों ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी के नेतृत्व में एक विशाल रैली हाईकोर्ट से बाजार की ओर निकली। यह रैली दो हिस्सों में माल रोड व ठंडी सड़क होते हुए तल्लीताल तक गई। न्यायाधीशों ने श्रमदान कर सफाई अभियान में हिस्सा लिया। चार घंटे तक चले अभियान के बाद मल्लीताल फ्लैट में स्वच्छता पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। नुक्कड़ नाटक व अन्य जागरूकता कार्यक्रम हुए। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल अनुज कुमार संगल ने बताया कि उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के संयुक्त तत्वावधान में चित्रकला, स्लोगन व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके विजेता छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया गया है। यहां जिला जज सुजाता सिंह, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी वंदना, एसएसपी पंकज भट्ट वरिष्ठ अधिवक्ता अवतार सिंह रावत, डीके शर्मा, डीसीएस रावत, आलोक मेहरा, बीएस रावत, जेएस बिष्ठ, एस एस जीना , देवसाली व जिला कोर्ट के न्यायिक व समस्या विभागों के अधिकारी और स्कूलों के शिक्षक शामिल हुए।

नालियों पर हुए कब्जे की वीडियोग्राफी भी हुईः कई दुकानदार होटलों ने नालियों पर कब्जे किया है। जिस कारण सफाई अभियान के दौरान काफी दिक्कतें पेश आईं। ऐसे में अधिकारियों ने इनकी वीडियोग्राफी कराई है। नगर पालिका इन अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर नालियों पर हुए कब्जे मुक्त करेगी।

जिला कोर्ट में भी चला अभियानः जिला न्यायालय नैनीताल से स्वच्छता एवं जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया गया। स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट रूप से प्रतिभाग करने वालों को पुरुस्कृत किया गया। तत्पश्चात जिला न्यायाधीश सुजाता सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। श्रमदान के लिए दो टीमों का गठन किया गया। एक टीम भवाली रोड को रवाना हुई जिसका नेतृत्व स्वयं जिला न्यायाधीश ने किया। दूसरी टीम हल्द्वानी रोड को रवाना हुई जिसका नेतृत्व प्रथम अपर जिला न्यायाधीश अजय चौहान एवं नैनीताल बार संघ अध्यक्ष ने किया। इस अभियान में नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्ता, न्यायालय कर्मचारियों के साथ ही स्कूली बच्चों ने भी हिस्सा लिया।

सम्मानित पर्यावरण मित्रों के नामः प्रभा खनका, कंचन



# हॉटमिक्स निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा ने राज्य योजना से स्वीकृत मोहनपुर से आनंदखेड़ा को जोड़ने वाली चार किलोमीटर तीन सौ मीटर सड़क पर हॉटमिक्स निर्माण कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि यह मार्ग मोहनपुर से आनंदखेड़ा को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग के निर्माण से दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। इस दौरान जिला महामंत्री अमित नारंग, मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट, ग्रामं प्रधान सोमा विश्वास, अशोक विश्वास, शुभम बठला, माणिक विश्वास, दलवीर सिंह, सुरजीत कीर्तनिया, हरजीत, पवन कुमार, अभिषेक मंडल आदि मौजूद रहे।

# पांच वर्षों में राज्य का सकल घरेलू उत्पाद दोगुना करना लक्ष्यः जोशी

रुद्रपुर। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में जनपद प्रभारी एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को दोगुना करने के लक्ष्य और वर्ष 2025 तक राज्य को श्रेष्ठतम राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार के सशक्त उत्तराखंड की परिकल्पना को पूरा करना है। कृषि मंत्री जोशी रविवार को विश्वविद्यालय में जिला विकास के विषय पर एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन जनपद स्तर पर सही तरीके से होना चाहिए। सरकार के विजन सशक्त उत्तराखंड–2025 में जनपद ऊधमसिंह नगर का सबसे महत्वपूर्ण रोल रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को और अधिक बढ़ावा देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को लखपति दीदी योजना के तहत अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाए। कृषि मंत्री ने कहा कि संसाधनों की कोई कमी नहीं है, बल्कि सकारात्मक सोच रखते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है। जनपद प्रभारी मंत्री ने पिछले वित्तीय वर्ष में जिला योजना की शत प्रतिशत धनराशि का उपयोग करने पर बधाई दी। कार्यशाला में जनपद प्रभारी सचिव डॉ.रंजीत सिन्हा ने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी को एकजुट होकर गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है, तभी प्रदेश को बुलंदियों पर पहुंचा सकते हैं। बैठक में डीएम युगल किशोर पंत, मेयर रामपाल सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश चंद्र, अमित नारंग, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी,अधिशासी अभियंता ज्योति पालनी, तरुण शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पंत आदि उपस्थित रहे।

## इंग्लैंड में कोर्स कराने के नाम पर 20 लाख की ठगी का आरोप

काशीपुर। इंग्लैंड विवि से मैनेजमेंट का कोर्स कराने के नाम पर एक युवक से 20 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आइल्स संचालक दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड 11, भौना कॉलोनी निवासी तेजवीर सिंह पुत्र विरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह इंग्लैंड जाना चाहता था। इस बीच उसका संपर्क गदरपुर में आइल्स सेंटर चलाने वाले विक्रम सिंह पुत्र हरविंदर सिंह व अमरजीत से हुआ। उन्होंने आश्वस्त किया कि वह इंग्लैंड के विवि से एमएससी लॉजिस्टिक एंड ऑपरेशन मैनेजमेंट का कोर्स करवा देंगे,

# डीएम ने किया पूर्व सीएम कोश्यारी के गांव नामतीचेटाबगड़ का भ्रमण



बागेश्वर। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी के गांव नामतीचेटाबगड़ का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गांव में विभिन्न योजनाओं से होने वाले प्रस्तावों का अवलोकन किया और जनता की समस्याएं सुनीं। साथ ही अधिकारियों को जनता की मांग के अनुसार वे शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। रविवार को जिलाधिकारी पाल ने नामतीचेटाबगड़ में ग्रामीणों से वार्ता की। उन्होंने गांव के घनैया तोक में सुरक्षात्मक कार्य के लिए ग्रामीणों की मांग का निरीक्षण किया। साथ ही रामगंगा नदी में नाचनी झूला पुल के निकट आवासीय मकानों और पुल के कटाव के लिए सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने उनसे गुंठी तोक में भूस्खलन की शिकायत करते हुए इसके सुरक्षात्मक उपाय करने की मांग की। जिलाधिकारी ने कहा इस संबंध में प्रस्ताव पहले भेजा गया है, जिसके संबंध में पुनः शासन को पत्राचार किया जाएगा। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया गांव में सुरक्षात्मक आदि कार्य के लिए पूर्व में प्रस्ताव भेजा है, जिस पर धन स्वीकृत नहीं हुआ।

# रेल मार्ग निर्माण शुरू नहीं होने पर समिति ने जताई नाराजगी



बागेश्वर। ब्रिटिशकाल से प्रस्तावित टनकपुर–बागेश्वर रेल मार्ग का निर्माण कार्य आज भी शुरू नहीं हो सका है। मार्ग का निर्माण शुरू नहीं होने से टनकपुर–बागेश्वर रेल निर्माण संघर्ष समिति ने आपत्ति जताई है। कहा 2006 से अब तक छह बार मार्ग का सर्वे हो चुका है, लेकिन बजट अब तक नहीं मिला है। रविवार को समिति अध्यक्ष नीमा दफौटी के नेतृत्व में लोग तहसील परिसर में एकत्रित हुए। उन्होंने यहां सभा की। वक्ताओं ने कहा कि गत वर्ष विधानसभा चुनाव के प्रचार में हल्द्वानी आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टनकपुर–बागेश्वर रेल मार्ग निर्माण की सहमति दी थी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर प्रधानमंत्री व रेल मंत्री ने 29 करोड़ की धनराशि ब्रॉडगेज सर्वे के लिए स्वीकृत किया था। लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। इस दौरान उन्होंने जल्द बजट स्वीकृत करने की मांग की है। कहा, रेल मार्ग बनने से चम्पावत, पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा के सैकड़ों गांवों को लाभ पहुंचेगा। सभा का संचालन प्रताप सिंह ने किया। यहां चरण सिंह बघरी, केश्वानंद जोशी, बंशीधर जोशी, प्रदीप कोहली, शेखर तिवारी, हेमलता, संजना, मंजू देवी, सरस्वती गैलाकोटी, लक्ष्मी धर्मशक्तू, निर्मला तिवारी, भावना रावत रहीं।

## डंपर और पेड़ के बीच फंसकर चालक की मौत

काशीपुर। अचानक चल पड़े डंपर को काबू करने के प्रयास में चालक डंपर और पेड़ के बीच फंसकर घायल हो गया। जिसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। गुलजारपुर कुंडेश्वरी स्थित सुंदर कॉलोनी, निवासी किशन पाल (27) पुत्र प्रेम सिंह केलामोड़ स्थित एक पेट्रोल पंप का डंपर चलाता था। शनिवार रात करीब पौने नौ बजे वह डंपर लेकर पेट्रोल पंप पहुंचा। जहां वह डंपर खड़ा कर मालिक से मिलने जा रहा था कि इस बीच अचानक डंपर चल पड़ा।

# नदियों में करंट लगाकार मछली मारने वाले सक्रिय

बागेश्वर। जिले में इन दिनों नदियों में बिजली का करंट लगाकर मछली मारने वाले सक्रिय हो गए हैं। कुछ लोग बिजली की लाइन से तो कुछ जनरेटर से करंट लगा रहे हैं। ऊर्जा निगम ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए पांच–पांच घंटे बिजली कटौती करनी शुरू कर दी है। इस पर कांडा क्षेत्र के लोगों ने आपत्ति जताई है। उन्होंने ऊर्जा निगम से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मालूम हो गर्मी आते ही नदियों में मछली का शिकार करने वाले भी सक्रिय हो जाते थे। पहले यह लोग विस्फोटक सामग्री से शिकार करते थे। विस्फोटक सामग्री मिलनी बंद हो गई तो लोगों ने बिजली के करंट का सहारा लेना शुरू किया। जून में ऐसे लोग और सक्रिय हो जाते हैं। इन दिनों नदियों में पानी का स्तर भी काफी कम हो जाता है। सरयू, गोमती, कुलुर, पुंगर, पिंडर, रामगंगा तथा अन्य छोटी–छोटी नदियों में मछलियों का शिकार होता है। कई बार करंट की चपेट में आने से लोगों की भी मौत हो चुकी है। दो साल पहले कपकोट और महिनिया गधेरे में करंट की चपेट में आने से मछली मार रहे लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इसके बाद ऊर्जा निगम ने ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान चलाया था। गर्मियों में कांडा क्षेत्र में एक बार फिर अराजक तत्व सक्रिय हो गए हैं। बार–बार बिजली की लाइन में कांटा डालने से लाइन में भी फॉल्ट आ रहा है। इसे देखते हुए विजयपुर विद्युत केंद्र ने 12 से पांच बजे तक कटौती करनी शुरू कर दी है। इस पर क्षेत्र के लोगों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए विभाग अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहा है और लोगों की समस्या बढ़ा रहा है। बिजली के अभाव में लोगों का फ्रिज में रखा सामान खराब हो रहा है। साथ ही कुटी उद्योग धंधे ठप हो गए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेकर ऊर्जा निगम को कार्रवाई करने के निर्देश देने की मांग की है। इधर, जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि ऊर्जा निगम को ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए जाएंगे। कहा मछली का शिकार करना कानूनन जुर्म है।

# 7 माह से फरार चल रहा एससी/एसटी एक्ट का आरोपी गिरफ्तार



अल्मोड़ा। थाना भतरौजखान में एससी/एसटी एक्ट एवं अन्य धाराओं में पंजीकृत एफआईआर की विवेचना सीओ रानीखेत टी आर वर्मा द्वारा संपादित की जा रही थी। उक्त अभियोग की विवेचना में अभियुक्त विशन सिंह रावत उर्फ विक्की रावत, निवासी चौखुटिया का नाम प्रकाश में आया। अभियुक्त विशन सिंह गिरफ्तारी से बचने के लिए विगत 7 माह से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयासरत रहकर उसके मिलने के सभी संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी, लेकिन शातिर अभियुक्त पुलिस के हाथ नहीं लग पा रहा था। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु द्वारा वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विवेचक को निर्देशित किया गया था। विवेचक/सीओ रानीखेत टी आर वर्मा द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष चौखुटिया को धारा 55 सीआरपीसी का नोटिस जारी करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। थानाध्यक्ष चौखुटिया अवनीश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त विशन सिंह रावत उर्फ विक्की रावत की गिरफ्तारी हेतु ठोस जाँच पड़ताल एवं सूचना संकलन से अभियुक्त विशन सिंह रावत उपरोक्त को रविवार 18 जून को सराईखेत से गिरफ्तार कर पंजीकृत अभियोग में अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की गई है।

## साईं मंदिर में चल रहा निःशुल्क योग प्रशिक्षण

अल्मोड़ा। साई मंदिर परिसर के प्रांगण में बीती 28 मई से पतंजलि योगपीठ अल्मोड़ा के द्वारा जिला प्रभारी एवं योगगुरु दीप चंद बिष्ट के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में "करो योग रहो निरोग" की अलख जगाई गई। जो निरंतर सुबह 5:30 बजे से निःशुल्क मंदिर समिति के सहयोग से प्रतिदिन चली आ रही है। लोगो में योग के प्रति चेतना का अभ्यास हर रविवार को मेडिटेशन द्वारा डॉ मंजू के द्वारा कराया जा रहा है। रोजाना इस शिविर में असाध्य रोगों से पीड़ित व्यक्ति समय से पहुँचकर योगिक क्रियाओं से लाभान्वित हो रहे है।

निरंतर रूप से चलने वाले इस शिविर में 70 साल के वृद्ध से 8 साल तक के बच्चे कुशल शिक्षकों द्वारा प्रसन्न मन से योग क्रियाओं को कर रहे हैं।

# बागेश्वर में चार घंटे चला सफाई महाअभियान



बागेश्वर। उच्च न्यायालय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आह्वान पर जनपद में श्रमदान कर चार घंटे तक सफाई महाअभियान चलाया गया।इस दौरान दस पर्यावरण मित्रों समेत विभिन्न लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही सभी को नगर को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ दिलाई। रविवार को नुमाईशखेत मैदान में जिला जज, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आरके खुल्बे, जिलाधिकारी अनुराधा पाल, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल आदि ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महाअभियान का शुभारंभ किया।

जिला जज ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उच्च न्यायालय, शासन के निर्देश पर न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही नगर पालिका, नगर पंचायत, स्वंय सेवियों, एनसीसी, होमगार्ड, पीआरडी के जवानों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में श्रमदान कर सफाई महाअभियान चलाया। स्वच्छता अभियान में अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही नागरिकों, जन प्रतिनिधियों, व छात्र–छात्राओं, स्वयं सेवी संस्थाओं, व्यापार मंडल, बार एसोसिएशन व विभिन्न संस्थाओं से जुडे लोगों ने श्रमदान कर सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी को साफ किया और शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। साथ ही लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया।

# अल्मोड़ा में चला वृहद स्वच्छता अभियान



अल्मोड़ा। उच्च न्यायालय नैनीताल तथा उत्तराखंड शासन के निर्देशों के क्रम में जिला न्यायालय, जिला प्रशासन, नगरपालिका तथा अन्य संगठनों के द्वारा अल्मोड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान पिछले एक सप्ताह से जिला न्यायालय एवं जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा है। अभियान के अंतिम दिन रविवार 18 जून को सिमकनी मैदान से यह वृहद स्वच्छता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अभियान की शुरुआत जिला जज कौशल किशोर शुक्ला ने सभी न्यायिक अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों एवं अन्य स्वयं सेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर की। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने इस अभियान के लिए 4 टीमें, 4 अधिकारियों के नेतृत्व में गठित की हुई थी, जिनके द्वारा अल्मोड़ा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई की गई।

## आरटीईः निजी स्कूलों में प्रवेश को 99 आवेदन लिस्ट से बाहर

काशीपुर। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए 99 आवेदनों को लिस्ट से बाहर कर लॉटरी प्रक्रिया की गई। जिसमें 925 बच्चों को आरटीई में प्रवेश के लिए चयनित किया गया है। शिक्षा सत्र 2023–24 के आरटीई में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए थे। इसके बाद 1349 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया। नियमानुसार इन सभी को बीईओ कार्यालय में आवेदन की प्रति खुद आकर जमा करनी थी। लेकिन, मात्र 1248 लोगों ने आवेदन जमा किया।

# नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत अल्मोड़ा पुलिस ने किया 'रन अगेंस्ट ड्रग्स' दौड़ का आयोजन




अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लक्ष्य ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने के लिए जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र राजगुरु के नेतृत्व में अल्मोड़ा पुलिस पूर्ण रुप से प्रतिबद्ध है। एसएसपी के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा प्रचलित नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत ड्रग्स जागरुकता हेतु लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। रविवार 18 जून को रामचन्द्र राजगुरु, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के क्रम में ड्रग्स जागरुकता हेतु 'रन अगेंस्ट ड्रग्स' दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के युवाओं और अल्मोड़ा पुलिस के जवानों द्वारा बढ़–चढ़कर उत्साह के साथ प्रतिभाग किया गया।

# उत्तराखण्ड लोक सेवा अधिकरण एवं श्रम न्यायालय देहरादून में चला विशेष साफ–सफाई अभियान



देहरादून। मा० उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड, नैनीताल द्वारा चलाये गये स्वच्छता अभियान के क्रम में उत्तराखण्ड लोक सेवा अधिकरण एवं श्रम न्यायालय देहरादून में न्यायालय परिसर एवं आस–पास आज प्रातः 8:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक विशेष साफ–सफाई अभियान चलाया तथा न्यायालय परिसर एवं आसपास साफ–सफाई की गयी। मा० उपाध्यक्ष द्वारा सफाई की महत्ता पर जोर देते हुए कहा गया कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन की संजीवनी है। इस दौरान उत्तराखण्ड लोक सेवा अधिकरण, देहरादून के मा० उपाध्यक्ष (न्यायिक) श्री राजेन्द्र सिंह चैहान द्वारा उत्तराखण्ड लोक सेवा अधिकरण एवं श्रम न्यायालय देहरादून के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता के सम्बन्ध में शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर मा० उपाध्यक्ष द्वारा सफाई की महत्ता पर जोर देते हुए कहा गया कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन की संजीवनी है। हम सभी को प्रत्येक दिन अपने निवास स्थान एवं कार्यालय परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिये। इसे मानव जीवन में एक व्यवहार के रूप में सम्मिलित किया जाना चाहिये न कि मात्र किसी अवसर विशेष के रूप में मा० उपाध्यक्ष द्वारा यह भी कहा गया कि मा० उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड द्वारा सफाई हेतु जो जागरुकता राज्य में चलायी गयी है, उसे जारी रखना भविष्य में जिला न्यायालय, न्यायाधिकरणों एवं अन्य शासकीय कार्यालयों का दायित्व है।

## पेशन कानून के खिलाफ चार जुलाई को सिंचाई कर्मी करेंगे प्रदर्शन

देहरादून। नए पेंशन कानून के खिलाफ सिंचाई विभाग के नियमित कार्यप्रभारित दैनिक श्रमिक चार जुलाई को प्रमुख अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

रविवार को प्रांतीय सिंचाई नियमित कार्यप्रभारित दैनिक श्रमिक महापरिषद की आपात बैठक में यह निर्णय किया गया। यमुना कालोनी स्थित संघ भवन में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कार्यप्रभारित और नियमित सेवा जोड़कर पेंशन लाभ देने का आदेश कोर्ट ने दिया है। इसे रोकने के लिए सरकार पेंशन कानून ले आई। यह कर्मचारी विरोधी फैसला है।

प्रदेश अध्यक्ष गबर सिंह सुरियाल, महामंत्री शेषनाथ यादव ने कहा कि कोर्ट के पूर्व के आदेश के अनुसार यह कानून मान्य नहीं है।

# लालपानी बीट में कूड़ाघर के विरोध में प्रदर्शन



ऋषिकेश। कूड़ाघर विरोधी संयुक्त संघर्ष समिति ने नगर निगम प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाया है। उन्होंने लालपानी बीट में जबरन कूड़ाघर के निर्माण के प्रयास पर आक्रोश जताया और नगर निगम प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। रविवार को गुमानीवाला, अमितग्राम में संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले लोगों ने पुतला फूंककर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि समिति लालपानी बीट में कूड़ाघर बनाने के विरोध में लगातार 291 दिन से धरना प्रदर्शन कर रही है। इस मामले में मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल द्वारा अधिकारियों के साथ बैठक कर जनता के साथ समन्वय बनाकर समस्या का हल निकालने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन ऋषिकेश मेयर जबरन लालपानी बीट गुमानीवाला में कूड़ाघर का कार्य शुरू करवाने की कोशिश कर रही हैं। बीते रोज शाम को यहां जेसीबी ओर टीम भी भेजी गई, लेकिन क्षेत्रवासियों ने टीम को खदेड़ दिया। प्रदर्शन करने वालों में मानवेन्द्र कण्डारी, पुरुषोत्तम बडोनी, रणजीत थापा, ग्राम प्रधान गुमानीवाला दीपिका व्यास, रुकमा व्यास, लाल बोरा, धर्म क्षेत्री, रमजान, विजया, सुनीता, रीना, राजमती, सुषमा, पूजा, नत्थी सेमवाल, सन्दीप कुड़ियाल आदि शामिल रहे।

# चकराता पहुंचे पर्यटकों ने ठंड भरे मौसम का लुत्फ उठाया



विकासनगर। चकराता क्षेत्र में पिछले कई दिनों से खिली चटक धूप के बाद रविवार सुबह से चकराता के आसमान में बादल छाए रहे। रुक–रुक कर हुई हल्की बारिश से मौसम ठंडा हो गया। चकराता पहुंचे पर्यटकों ने भी ठंड भरे मौसम का जमकर लुत्फ उठाया।

वहीं पछुवादून में भी दिनभर आसमान में बादल छाये रहे। हालांकि बारिश न होने से लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पायी। कई दिनों से चकराता में चटक धूप खिली हुई थी जिससे यहां भी लोगो को गर्मी का एहसास होने लगा था। रविवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और पूरं दिन रुक–रुक कर हल्की बारिश होती रही। दिन भर हुई बूंदाबांदी के बाद चली ठंडी हवाओं से मौसम भी ठंडा हो गया।

सुबह के समय चकराता में चारो ओर कोहरा भी छाया रहा। लेकिन शाम को कोहरा छंटने से पर्यटकों को सुंदर नजारों का दीदार हुए। चकराता पहुंचे पर्यटकों ने भी मौसम का लुत्फ उठाया। मौसम का यह मिजाज देख पर्यटक बहुत खुश नजर आए।

## शीशमबाड़ा प्लांट की गंदगी को लेकर सेलाकुई में प्रदर्शन

विकासनगर। शीशमबाड़ा प्लांट की गंदगी को लेकर रविवार को सेलाकुई में एक बार फिर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शीशमबाड़ा प्लांट में कूड़े के पहाड़ से उठ रही बदबू से लोगों को जीना दुश्वार हो गया है। कूड़े का ढ़ेर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय बाशिंदों का जीवन खतरे में पड़ रहा है। कूड़े के पहाड़ से असहनीय दुर्गंध पूरे क्षेत्र में फैल रही है। इस कूड़े के ढेर से स्थानीय जनता को निजात दिलाने के बजाय नगर पंचायत प्रशासन दिखावा कर रहा है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कूड़े से फैल रही गंदगी से निजात दिलाने की मांग की।

# तीर्थनगरी को साफ सुथरा रखने के लिए चलाया अभियान





ऋषिकेश। रविवार सुबह न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी और अधिवक्ताओं ने शहर में सफाई अभियान चलाया। स्थानीय कोर्ट परिसर, तहसील चौक समेत कई स्थानों पर साफ सफाई की गई। गंदगी को एकत्रित कर उसका निस्तारण किया। इस दौरान आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। रविवार को हाईकोर्ट नैनीताल के निर्देश पर ऋषिकेश न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता गण, न्यायिक कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय विजयलक्ष्मी विहान, अपर पारिवारिक जज ललिता सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भवदीप रावते की अगुवाई में तहसील परिसर, गौरा देवी चौक, नटराज चौक, पुराना रेलवे स्टेशन, संयुक्त यात्रा रोडवेज बस अड्डा परिसर के आसपास सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान बार एसोसिएशन ऋषिकेश के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सजवाण ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। स्वच्छता के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना होगा। लोगों ने कहा कि हाईकोर्ट शहर के बीचों बीच खड़े कूड़े के ढेर का संज्ञान लेकर इसे भी हटाने का आदेश करें। अभियान में सहायक नगर आयुक्त रमेश रावत, बार एसोसिएशन सचिव नरेश शर्मा, पूर्व सचिव राकेश सिंह मियां, जय सिंह रावत, वरिष्ठ अधिवक्ता शीशराम कंसवाल, हरीश राणा, न्यायिक कर्मचारी नवीन रावत, मनीष,विज्लवाण, विशाल, सुंदर उनियाल आदि शामिल रहे।

# मुख्य सचिव डॉ. संधू ने किया लाखामण्डलइ धार्मिक पर्यटन स्थल का निरीक्षण



देहरादून। मुख्य सचिव एस.एस. संधू ने आज लाखामण्डलइ धार्मिक पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया । उन्होंने कहा कि लाखामण्डल प्राचीन स्थल है तथा इसमें पर्यटन के दृष्टिगत विकास की बहुत संभावना है। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से प्रयास किया जाएगा की लाखामण्डल के विकास को और अधिक गतिशील किया जाए तथा जो सुविधा की कमी है उसको पूरा किया जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ एस के बरनवाल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुशील नौटियाल, सहित क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## यूपी में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे निशंक

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक उत्तर प्रदेश के फतेहपुर, हमीरपुर और बांदा लोकसभा क्षेत्र में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत डा. निशंक सोमवार 19 जून को फतेहपुर गांधी मैदान में जनसभा करेंगे। इसी दिन शाम पांच बजे वह अभियान के तहत हमीरपुर में विशिष्ट जनों से संपर्क करेंगे। मंगलवार दोपहर में हमीरपुर के नेशनल इंटर कॉलेज मौदहा और शाम को महोबा में विशिष्ट जनों से संपर्क करेंगे।

21 जून को महोबा में योग दिवस कार्याक्रमों में शामिल होने के साथ ही वे जीआईसी ग्राउंड बांदा में जनसभा को संबोधित करने के बाद लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

# भाजपा नेताओं से लगायी आशियाना बचाने की गुहार



ऋषिकेश। प्रशासन की ओर आईडीपीएल कॉलोनी और कृष्णानगर कॉलोनी में आवास खाली कराए जाने का मामला हरिद्वार लोकसभा सांसद, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद तक पहुंचा। कार्रवाई से प्रभावित लोगों ने उनसे आशियाना बचाने की गुहार लगायी है। सेव आईडीपीएल अभियान के सदस्य रविवार को भाजपा नेता सुदेश कंडवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय देहरादून में सांसद रमेश पोखरियाल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट और राज्यसभा सांसद नरेश बंसल से मिले। बताया कि प्रशासन की ओर से आईडीपीएल कॉलोनी और कृष्णानगर कॉलोनी में वर्षों से रहने वाले परिवारों को उजाड़ने की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से सैकड़ों परिवारों के सामने आवास की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। सेव आईडीपीएल अभियान के योगी तिवारी ने बताया कि समस्या को गंभीरता से सुनते हुए सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से दूरभाष के माध्यम से समस्या के समाधान के बारे में चर्चा की। सांसद ने कैबिनेट मंत्री अग्रवाल को मुख्यमंत्री से वार्ता कर इस कार्रवाई को रुकवाने के लिए कहा। सांसद ने जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर रमेश चंद शर्मा, अरविंद चौधरी, विमलेश शर्मा, वामिक मंसूर,शमशेर सिंह, प्रकाश रावत आदि मौजूद रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्ण त्याग करें: राज्यपाल

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्ण रूप से त्याग करना होगा।और अपनी जीवनशैली में ह्लग्रीन एक्टिविटीज और ग्रीन गुड्स" को स्थान देना चाहिए। प्लास्टिक खिलाफ जागरूकता के लिए जल्द ही राजभवन में प्लास्टिक के विरुद्ध जंग" सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। रविवार को राज्यपाल ने हाईकोर्ट के निर्देशन में प्रदेश भर में चलाए गए राज्यव्यापी स्वच्छता महाअभियान की प्रशंसा की। कहा कि अपने आसझ्रपड़ोस व अपने प्रदेश को साफ–सुथरा रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी को पर्यावरण के संरक्षण–संवर्द्धन का संकल्प लेना होगा। तभी पर्यावरण को सुरक्षित रखा सकेगा। सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम देवभूमि के पर्यावरण को प्लास्टिक कचरे से पूर्ण रूप से मुक्त करें। राज्यपाल ने कहा कि स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे अभियान लगातार चलाए जाने जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से राजभवन देहरादून में जल्द ही एक सेमिनार 'प्लास्टिक के विरुद्ध जंग" आयोजित किया जाएगा। इस सेमिनार में प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी के साथ–साथ स्वच्छता अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## टनकपुर सैनिक विश्राम के लिए 1.35 करोड जारी

देहरादून। टनकपुर के सैनिक विश्राम के पुनर्निर्माण सौंदर्यीकरण के लिए 1.35 करोड़ रुपये जारी कर दिए। इस साल की यह पहली किस्त है। सैनिक विश्राम गह को मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि रुद्रप्रयाग में जखोली और टिहरी घनशाली में भी सैनिक कल्याण विभाग के विश्राम गृहों का भी जीर्णोद्वार किया जा रहा है।

## आईपीएल की तर्ज पर दून में आयोजित होगा यूपीएल

देहरादून। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (सीएयू) 22 जून से आईपीएल की तर्ज पर उत्तराखंड प्रीमियर लीग(यूपीएल) का आयोजन करने जा रहा है। इसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। 30 जून को प्रतियोगिता का फाइनल खेला जाएगा। अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी में रविवार को हुई प्रेस वार्ता में सीएयू के प्रवक्ता विजय प्रताप मल्ल ने बताया कि यीपीएल बीसीसीआई से स्वीकृत लीग है। प्रतियोगिता के मैच रायपुर स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में कुल 18 मैच होने हैं।

# आज से नीलकंठ बाजार अनिश्चितकाल हेतु बंद रखने का ऐलान



ऋषिकेश। नीलकंठ क्षेत्र के व्यापारियों ने स्थानीय प्रशासन पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सोमवार से अनिश्चिकाल के लिए बाजार बंद रखने का ऐलान किया है। व्यापारिक प्रतिष्ठान नहीं खुलने से पौराणिक नीलकंठ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत होगी। रविवार को नीलकंठ मंदिर परिसर में व्यापार सभा नीलकंठ की आपातकालीन बैठक हुई। इसमें प्रशासन के रवैये पर आक्रोश जताया गया।

साथ ही विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। व्यापारियों ने कहा कि श्रावण मास की कांवड यात्रा को शुरू होने में महज 10 दिन बचे हैं। नीलकंठ मेला क्षेत्र में तैयारियां अधूरी हैं। ऊपर से स्थानीय प्रशासन अतिक्रमण की आड़ में व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है। व्यापार सभा अध्यक्ष बृजेश चौहान ने कहा कि मौसम की मार से बचने को दुकानों के ऊपर लगाए टीन शेड को प्रशासन की ओर से तत्काल हटाने का दबाव बनाना उचित नहीं है। जबकि प्रशासन की ओर से पूर्व में चिह्नित अतिक्रमण पर व्यापारियों ने अपने–अपने काउंटर अंदर कर लिए हैं। फिर भी व्यापारियों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

# सीएम धामी ने स्वयं झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश, 10 पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून में स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने गांधी पार्क से पं० दीनदयाल उपाध्याय पार्क तक स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कुल 102 निकायों में स्वच्छता का महा अभियान चल रहा है। आमजन में स्वच्छता को लेकर जागरूकता निरंतर बढ़ रही है। देश–विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक उत्तराखंड आते हैं। राज्य का प्रत्येक जिला एवं पर्यटन स्थल स्वच्छ एवं सुंदर रखने की जिम्मेदारी यहां के प्रत्येक व्यक्ति की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून को ह्लस्वच्छ दून, सुंदर दूनह्ल बनाने के लिए जनभागीदारी से विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को अपनी रोजमर्रा की आदत में लाने का आग्रह किया। जन जागरूकता से स्वच्छता के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत अभियान ने एक बड़े जनांदोलन का रूप लिया, जिसका परिणाम अब दिखने लगा है।

इस दौरान कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम चंद अग्रवाल, मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, विधायक श्री विनोद चमोली, विधायक श्रीमती सविता कपूर, प्रमुख सचिव श्री आर.के सुधांशु, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# हमने टचलाइन से गोल खाए हैं और इसे ठीक करने की जरूरत है: हरमनप्रीत सिंह



नई दिल्ली, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए यूरोप का दौरा मिले–जुले परिणाम वाला रहा। इस दौरान भारतीय टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022–23 सीजन में दो सप्ताह के अंतराल में खेले गए आठ मैचों में से चार में जीत हासिल की।भारत बेल्जियम के खिलाफ पहला मैच 2–1 से हारा और दूसरा मैच 5–1 से जीता, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ भारतीय टीम शूटआउट में पहला मैच 2–4 से हारी और दूसरा 4–4 (4–2) से जीत गई। अर्जेंटीना के खिलाफ डबल हेडर में, भारत ने 3–0 और 2–1 से जीत दर्ज की, जबकि टीम नीदरलैंड के खिलाफ 1–4 और 2–3 से हार गई।भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने क्रमशः लंदन और नीदरलैंड में अपने आउटिंग के बारे में बात करते हुए कहा, कुल मिलाकर, मुझे लगता है कि यह एक अच्छी आउटिंग थी। शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और मुझे लगता है कि हम बिलिंग पर खरे उतरे हैं।

भारतीय टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022–23 सीजन के 16 मैचों में 30 अंकों के साथ टेबल टॉपर्स के रूप में अपना अभियान समाप्त किया। यह नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के तहत टीम का पहला आउटिंग भी था।कप्तान ने कहा, क्रेग टीम में बहुत सकारात्मकता लाते हैं और वह अपने विचारों और अपेक्षाओं में बहुत स्पष्ट है कि हमें एक टीम के रूप में कैसे खेलना चाहिए। इन मैचों में, हमारे खेल में एक अनुशासित संरचना को क्रियान्वित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया था, जिसमें बचाव पर जोर दिया गया था।भारतीय टीम ब्रेक पर है और ट्रेनिंग कैंप शुरू होने के बाद बहुप्रतीक्षित एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 की तैयारी शुरू कर देगी।

हरमनप्रीत ने कहा, यूरोप में मैचों से कई चीजें मिलीं। हमने टचलाइन से गोल खाए हैं और इसे ठीक करने की जरूरत है। डी में हमारे द्वारा बनाए गए अवसरों को बदलने पर भी काम किया जाना है। शीर्ष यूरोपीय टीमों के खिलाफ खेलते समय हमेशा एक अच्छा सीखने का अनुभव मिलता है।

हम अब एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और एशियाई खेलों में शीर्ष एशियाई पक्षों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ खेल लाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।अभी के लिए, हरमनप्रीत इस छोटे से ब्रेक का आनंद ले रहे हैं क्योंकि यह उनकी नवजात बेटी के लिए खास है।उन्होंने कहा, 10 जून को मेरी बेटी के जन्म के साथ घर में बहुत खुशी का माहौल है। मैं इस नई जिम्मेदारी का आनंद ले रहा हूं और उसके साथ समय बिताकर इस ब्रेक का अधिकतम लाभ उठा रहा हूं।

## श्रीशंकर ने विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

भुवनेश्वर, लंबी कूद के स्टार खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने रविवार को यहां राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के क्वालीफाइग दौर में अपने पहले ही प्रयास में 8.41 मीटर के प्रयास के साथ विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।चौबीस साल के श्रीशंकर हालांकि जेस्विन एल्ड्रिन के 8.42 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक सेंटीमीटर से चूक गए। एल्ड्रिन ने इसी साल राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।श्रीशंकर का यह प्रयास उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

केरल का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रीशंकर ने स्पर्धा के बाद कहा, हवा मापदंड के अनुसार थी, यह 1.5 मीटर प्रति सेकेंड थी। मामूली अंतर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूक गया लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने यह दूरी हासिल की।

एल्ड्रिन ने 7.83 मीटर के प्रयास के साथ दूसरा जबकि मोहम्मद अनीस याहिया ने 7.71 मीटर की दूरी के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। 12 खिलाडि़यों ने सोमवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाई।

# अभिषेक वर्मा ने तीरंदाजी विश्व कप चरण तीन में व्यक्तिगत स्वर्ण जीता



मेडेलिन (कोलंलिया), अभिषेक वर्मा ने यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण तीन की पुरुष् कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

इंचियोन 2014 एशियाई खेलों की कंपाउंड टीम स्पर्धा के स्वर्ण और व्यक्तिगत स्पर्धा के रजत पदक विजेता 33 साल के वर्मा ने शनिवार को फाइनल में अमेरिका के जेम्स लुट्ज को 148–146 से हराया।

विश्व कप के कई बार के स्वर्ण पदक विजेता वर्मा शुरुआती दो चरण से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे थे। उन्होंने इससे पहले रोमांचक व्यक्तिगत फाइनल में दुनिया के नंबर एक तीरंदाज और शीर्ष वरीय नीदरलैंड के माइक क्लोसेर को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

आठवें वरीय वर्मा ने इसके बाद अंतिम चार के मुकाबले में ब्राजील के लुकास अब्रेयू को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

वर्मा का यह तीसरा व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक है। यह 2021 पेरिस चरण के बाद उनका पहला स्वर्ण है। उन्होंने अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पोलैंड के रॉक्लॉ में 2015 में जीता था।

वह विश्व कप के व्यक्तिगत वर्ग में दो रजत और एक कांस्य पदक भी जीत चुके हैं।

भारतीय टीम ने मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक एक स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीते हैं। रविवार को रिकर्व मिश्रित टीम भी कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेगी।

टीम ने फ्रांस और नीदरलैंड को 6–0 के समान अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उसे कोरिया के खिलाफ 3–5 से शिकस्त झेलनी पड़ी। टीम कांस्य पदक के लिए चीनी ताइपे से भिड़ेगी।

# श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तानी टीम घोषित, शाहिन अफरीदी की वापसी



इस्लामाबाद, पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ जुलाई में होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।टीम में स्टार तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की वापसी हुई है, जिन्होंने आखिरी बार जुलाई 2022 में श्रीलंका के खिलाफ सबसे लंबे प्रारूप में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था, उसी टेस्ट मैच के दौरान उनके घुटने में चोट लगी थी।

पाकिस्तान ने टीम में दो अनकैप्ड खिलाडि़यों बल्लेबाज मोहम्मद हुरैरा और ऑलराउंडर आमिर जमाल को भी शामिल किया है। टीम का नेतृत्व बाबर आजम करेंगे।पीसीबी द्वारा जारी एक बयान में, शाहीन ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी वापसी पर कहा मैं एक साल बाद पाकिस्तान टेस्ट टीम में वापसी करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैंने टेस्ट क्रिकेट को बहुत मिस किया और मेरे लिए इस फॉर्मेट से दूर रहना मुश्किल था।शाहीन ने कहा, श्रीलंका में लगी चोट के कारण पूरे घरेलू सत्र में नहीं खेल पाने के बाद मैं उसी देश में प्रभावी वापसी करने और टेस्ट क्रिकेट में विकेटों का शतक पूरा करने के लिए उत्सुक हूं।शाहीन के नाम अभी 25 टेस्ट में 24.86 की औसत से 99 विकेट हैं।

पाकिस्तानी टीम 9 जुलाई को अपने निर्धारित प्रस्थान से पहले की तैयारियों के लिए 3 जुलाई को कराची में इक्ठा होगी, दौरे के कार्यक्रम की जल्द ही घोषणा होने की उम्मीद है।

दो टेस्ट मैच आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023–25 चक्र का हिस्सा हैं।

## 6 जुलाई से करेगी वेस्टइंडीज का दौरा, तीन टी–20 और तीन ही वनडे मैच खेलेगी

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम जुलाई महीने से वेस्टइंडीज का दौरा करेगी और यहां पर 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी–20 मैचों की सीरीज खेलेगी। इस सीरीज की शुरूआत 12 जुलाई से होगी। लेकिन इन सबके बीच बड़ी खबर ये भी है की भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम के पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम भी 9 जुलाई से इंटरनेशनल सीरीज खेलेगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम का यह दौरा 6 जुलाई से शुरू होगा जाएगा जहां टीम टी20 और वनडे सीरीज खेलेगी।

रिपोर्ट की माने तो भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आगामी 6 जुलाई से बांग्लादेश दौरा करना है।अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करेगा आखिरी बार बांग्लादेश की महिला टीम ने इस स्टेडियम पर 2012 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला खेला था।

# ढाका टेस्ट :बांग्लादेश ने रचा इतिहास, अफगानिस्तान को दी 546 रनों से करारी शिकस्त



ढाका, नजमुल हुसैन शान्तो के दोनों पारियों में लगाए गए शतक और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने शनिवार को ढाका के शेरे बांग्ला स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को 546 रनों से करारी शिकस्त दी। रनों के मामले में टेस्ट क्रिकेट में बांग्लादेश की यह सबसे बड़ी जीत है। वहीं, टेस्ट इतिहास में कुल मिलाकर यह तीसरी सबसे बड़ी जीत है। इसके अलावा यह रेड–बॉल क्रिकेट में 20वीं सदी के बाद से जीत का सबसे बड़ा अंतर भी है।इस मुकाबले में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। बांग्लादेश ने शांतो के 146 रनों के शानदार शतक और महमुदुल हसन जॉय (76) के बेहतरीन अर्धशतक की बदौलत अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 382 रन बनाए। इन दोनों के अलावा मुश्फिकुर रहीम ने 47 और मेंहदी हसन मिराज ने 48 रन बनाए।अफगानिस्तान की तरफ से पहली पारी में निजात मसूद ने 5 विकेट लिए। मसूद के अलावा अहमदजई ने 2 और जहीर खान, आमिर हामजा व रहमत ने 1–1 विकेट लिया।जवाब में अफगानिस्तान की पहली पारी केवल 146 रनों पर सिमट गई। अफगानिस्तान की तरफ से नासिर जमाल (35), अफसर जजई (36) और करीम जन्नत (23) ही कुछ संघर्ष कर सके। बांग्लादेश की ओर से इबादत हुसैन ने 4, शोरिफुल इस्लाम, तइजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज ने 2–2 विकेट लिए।पहली पारी के आधार पर बांग्लादेश को 236 रनों की बढ़त मिली। बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी शांतो (124) और मोमिनुल (नाबाद 121) के शतकों की बदौलत 4 विकेट पर 425 रन बनाकर घोषित कर दी और अफगानिस्तान के सामने 662 रनों का लक्ष्य रखा।दूसरी पारी में शांतो और मोमिनुल के अलावा जाकिर हसन (71) और लिटन दास (नाबाद 66) ने भी बेहतरीन अर्धशतकीय पारियां खेलीं।

दूसरी पारी में अफगानिस्तान के लिए जहीर खान ने 2 और आमिर हामजा ने 1 विकेट लिया।662 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम केवल 115 रनों पर सिमट गई और 546 रनों से मैच हार गई।

दूसरी पारी में अफगानिस्तान के लिए केवल रहमत शाह ही कुछ संघर्ष कर सके रहमत ने 30 रन बनाए, वहीं करीम जन्नत ने 18 रन बनाए।बांग्लादेश के लिए दूसरी पारी में तस्कीन अहमद ने 4 शारिफुल इस्लाम ने 3 और मेंहदी हसन मिराज व इबादत हुसैन ने 1–1 विकेट लिया।

# फिल्मी सफर

# किसी का भाई किसी की जान अब ओटीटी पर देगी दस्तक



सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान ने इस साल ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। इस फिल्म के साथ भाईजान ने काफी समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी की थी तो उन्हें एक्शन अवतार में देखने के लिए प्रशंसक काफी उत्सुक थे। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की ओर से मिली–जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब अभिनेता ने ऐलान किया है कि फिल्म जल्द ही ओटीटी पर अपने डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है। सलमान ने ट्विटर पर एक वीडियो साझा करते हुए किसी का भाई किसी की जान की ओटीटी रिलीज के बारे में जानकारी दी है। अभिनेता ने ट्वीट किया, देखें एक्शन, ड्रामा और रोमांस से भरपूर किसी का भाई किसी की जान का वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर 23 जून को सिर्फ जी5 पर। फिल्म के ओटीटी पर आने की जानकारी मिलने के बाद ही प्रशंसक काफी खुश हो गए हैं, जो सिनेमाघरों में इसे देखने से चूक गए थे।

किसी का भाई किसी की जान 4 भाइयों की कहानी है, जिसमें सलमान सबसे बड़े भाई थे और बाकी तीनों को उन्होंने अनाथ आश्रम से गोद लिया था। फरहाद सामजी के निर्देशन में बनी फिल्म में पहली बार सलमान के साथ पूजा हेगड़े की जोड़ी बनी थी तो शहनाज गिल और पलक तिवारी ने इससे बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, विरेंद्र सिंह, जस्सी गिल और भूमिका चावला सहित कई सितारे नजर आए थे। शाहरुख खान की पठान के बाद किसी का भाई किसी की जान को लेकर कहा जा रहा था कि यह भी बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा देगी, लेकिन इसका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 13.5 करोड़ रुपये के साथ शुरुआत की तो पहले हफ्ते में यह 90.15 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। इसके बाद फिल्म की कमाई में गिरावट आने लगी और 5 हफ्तों में इसका कलेक्शन 110.94 करोड़ रुपये रहा।

## कंधार में एंट्री शॉट मेरे लिए सबसे कठिन सीन्स में से एक : अली फजल

जेरार्ड बटलर और अली फजल स्टारर हॉलीवुड एक्शन–स्पाई थ्रिलर फिल्म कंधार में कई तरह के एक्शन सीक्वेंस हैं। इसमें बहुत सारे स्टंट वर्क हैं। अली के कई स्टंट सीन थे और इनमें से एक स्टंट बहुत मुश्किल था। स्टंट की शूटिंग के बारे में बताते हुए, अली फजल ने कहाः कंधार की शूटिंग के दौरान मुझे सबसे कठिन सीन्स में से एक की शूटिंग याद है और मुझे लगता है कि मेरे लिए सबसे आइकोनिक शॉट मेरी एंट्री थी। इस सीन में एक हेलिकॉप्टर समुद्र के ऊपर उड़ रहा है। और उसके उतरने से ठीक पहले मैंने दरवाजा खोला और बाहर कूदा। फिर चलती हुई वैन में बैठ गया। यहां हम भाग जाते हैं और फिर वैन घाटी में जाती है और रुक जाती है। मैं वैन से उतरता हूं और बाइक पर बैठ जाता हूं। इस सीन में मुझे रेत पर चलती हुई बाइक से टर्न लेते समय उतरना है और फिर दूसरी दिशा में भागना है। उन्होंने आगे कहाः और वह शायद सबसे कठिन शॉट्स में से एक था जिसका मैं फिल्म में हिस्सा था।

# फिल्म टीकू वेड्स शेरू का ट्रेलर रिलीज, अवनीत कौर के प्यार में पड़े नवाजुद्दीन सिद्दीकी



कंगना रनौत की फिल्म टीकू वेड्स शेरू लंबे समय से सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की घोषणा तो काफी समय पहले हो गई थी, लेकिन बीच में इससे जुड़ा कोई अपडेट नहीं आया। 2 दिन पहले इसे लेकर फिर सुगबुगाहट तब शुरू हुई, जब कंगना ने अपनी इस फिल्म का नया पोस्टर जारी किया और इसी के साथ–साथ इसकी रिलीज डेट भी सामने आई। अब इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है।

ट्रेलर में एक अनोखे प्यार की कहानी देखने को मिली है। 49 साल के नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हीरोइन 21 साल की अवनीत कौर बनी हैं और दोनों के रोमांस को अलग तरह से फिल्म में दिखाया गया है। ट्रेलर के मुताबिक, यह बेहद रोमांटिक किरदारों की कहानी है, जो बॉलीवुड में कुछ बड़ा करना चाहते हैं। हालांकि, इस बीच ड्रामा और हंगामा होता है। अब इनके रिश्ते का आखिरकार क्या अंजाम होगा, यह फिल्म रिलीज होने के बाद पता चलेगा।

यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि यह कंगना रनौत के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी है। कंगना ने कहा, मणिकर्णिका फिल्म्स के तहत बनी ये पहली फिल्म मेरे लिए बहुत ही खास है। ऐसा पहली बार है, जब मैंने एक निर्माता के रूप में कार्यभार संभाला और मैंने इस जिम्मेदारी का पूरा आनंद लिया है। यह मेरे लिए चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन एक अच्छा अनुभव था। कंगना ने उम्मीद जताई कि दर्शक उनकी इस फिल्म को भरपूर प्यार देंगे। बीते दिन सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कंगना शादी का कार्ड़ बांटती दिखीं और बताया कि वह जल्द ही खुशखबरी देने वाली हैं। मिनटों में उनका ये वीडियो वायरल हो गया। लोग यह तक कयास लगाने लगे कि कंगना शादी करने वाली हैं। बाद में जब कंगना ने ऐलान किया कि 14 जून को टीकू वेड्स शेरू का ट्रेलर रिलीज हो रहा है, तब पता चला कि वह अपनी इस फिल्म का प्रमोशन कर रही थीं।

कंगना ने नवंबर, 2021 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू की थी।

# सर्वगुण संपन्न में वाणी कपूर के साथ रॉकेट बॉयज के ईश्वर सिंह आएंगे नजर



पाताल लोक और रॉकेट बॉयज के लिए पहचाने जाने वाले एक्टर इश्वाक सिंह बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर के साथ अपकमिंग सोशल कॉमेडी फिल्म सर्वगुण संपन्न में स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। यह सोनाली रतन के निर्देशन में पहली फिल्म है। एक सूत्र ने बताया कि इश्वाक ने सर्वगुण संपन्न में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म 1990 के दशक में सेट की गई है और वाणी फिल्म में एक पोर्न स्टार के किरदार को निभाएंगी। इश्वाक की भागीदारी के बारे में बात करते हुए, प्रोडक्शन के एक सूत्र ने कहाः इश्वाक इस भूमिका के लिए एकदम सही है। वाणी कपूर के साथ उनकी केमिस्ट्री निस्संदेह दर्शकों को लुभाएगी, और हम स्क्रीन पर उनकी नई जोड़ी पेश करने के लिए उत्साहित हैं। निर्देशक सोनाली रतन ने जन्नत, तुम मिले, राजा नटवरलाल और शिद्दत जैसी फिल्मों में फिल्म निर्माता व पति कुणाल देशमुख के साथ सहायक निर्देशक के तौर पर काम किया है। यह फिल्म कॉमेडी और सामाजिक कमेंट्री का मिक्सअप है, जो पुरानी यादों के साथ–साथ समसामयिक मुद्दों पर एक नया ध्ष्टिकोण पेश करती है।

# 12 साल बाद फिर सनी लियोनी बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में आएंगी नजर

टीवी शो बिग बॉस 5 से दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचने वालीं एक्ट्रेस सनी लियोनी अब एक बार फिर से सलमान खान के शो में वापसी की तैयारी कर रही हैं. फर्क बस इतना है कि पिछली बार एक्ट्रेस बिग बॉस टीवी शो में नजर आई थीं. वहीं इस बार ओटीटी वेब शो में सनी की एंट्री होगी. लेकिन सनी इस बार शो में कंटेस्टेंट के तौर पर आएंगी या फिर सलमान के साथ होस्ट करती दिखेंगी?

बिग बॉस ओटीटी 2 के साथ सनी लियोनी का भी नाम जुड़ गया है. ग्लैमरस डीवा सनी लियोनी ने अपने करियर की शुरुआत बिग बॉस सीजन 5 से की थी. सलमान खान के इस शो के जरिए ही उन्हें बॉलीवुड में पहला ब्रेक मिला था. बिग बॉस के सीजन 5 में एक्ट्रेस की अदाएं देखकर हर कोई उनपर फ्लैट था. वहीं सनी के डांस के लाखों लोग दीवाने हो गए थे. ऐसे में बॉलीवुड के एक बड़े डायरेक्टर की भी उन पर नजर पड़ी, जिसके बाद सनी की किस्मत चमक गई.टीवी पर जब बिग बॉस सीजन 5 शो चल रहा था तब महेश भट्ट सनी को देखकर इतने उत्साहित हो गए थे कि वे शो के बीच में ही सनी लियोनी को अपनी आंखों से देखने पहुंच गए थे. घर के अंदर आते ही उनक ध्यान सिर्फ सनी पर ही था. इसके बाद उन्होंने सनी को अपनी एक फिल्म में काम करने का मौका दिया. जब सनी लियोनी को महेश भट्ट ने उनका एक प्रोजेक्ट ऑफर किया तो वे खुशी के मारे शॉक हो गई थीं. महेश भट्ट ने उन्हें फिल्म जिस्म 2 ऑफर की थी. इसके बाद सनी ने फिल्म जिस्म 2 में काम किया. हालांकि फिल्म कुछ खास नहीं चली थी. लेकिन इस फिल्म से सनी की बॉलीवुड में एंट्री हो गई थी.अब सनी लियोनी दोबारा बिग बॉस के सेट पर वापसी करने वाली हैं ऐसे में क्या इस बार भी सनी के लिए ये शो उनके करियर का सेकेंड टर्निंग पॉइंट साबित होगा? ये जानना काफी इंट्रस्टिंग होगा. सनी इस शो में करेंगी क्या? ये जानने के लिए फैंस उत्साहित हैं. ऐसे मे एक्ट्रेस ने बताया कि उनके लिए इस शो में वापसी करना जैसे घरवापसी वाली बात है. पिंकविला के मुताबिक, सनी ने कहा– ये बिल्कुल ऐसा है जैसे मेरी घरवापसी हो रही है. यहां से मेरी बहुत सारी यादें जुड़ी हुई हैं.

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338